तापमान

अधिकतम 42.4 डिग्री

न्यूनतम 28.0 डिग्री

हरिभूमि

बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 1 मई 2024

[बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | रतनपुर | पथरिया]

मौसम में बदलाव का असर सेहत पर पड़ रहा है, इस वजह से सिम्स में इलाज के लिए मरीजों की लंबी कतार लग रही है।

नगर में आज

मतदाता जागरूकता के लिए वॉकथान

बिलासपुर। लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा वॉकथान कार्यक्रम का आयोजन 1 मई को सुबह साढ़े 6 बजे से किया जा रहा है। वॉकथान में जिले के तमाम आला अधिकारी सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल होकर मतदाता जागरूकता का संदेश देंगे। यह वॉकथान रेलवे वीआईपी गेट से शुरू होकर तितली चौक, भारत माता स्कूल, बंगला यार्ड चौक, सोलापुरी माता चौक, सांई मंदिर रोड से होकर रेलवे वीआईपी गेट में समाप्त होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण ने जिलेवासियों से इस कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

मई दिवस पर ट्रेड यूनियन काउंसिल की रैली

बिलासपुर। ट्रेड यूनियन कौंसिल द्वारा मई दिवस पर 1 मई को शाम 5:30 बजे राघवेंद्र राव सभा भवन से श्रमिकों की रैली निकाली जाएगी। जो सदर बाजार से होते हुए गोल बाजार तक पहुंच कर वापस राघवेंद्र राव भवन पहुंचेगी। राघवेंद्र राव भवन के परिसर में आम सभा होगी। मई दिवस के इस आयोजन में केंद्र,राज्य, संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के मजदूर एवं केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधि अपने साथियों सहित सहभागिता दर्ज करेंगे। ट्रेड यूनियन कौंसिल बिलासपुर से संबद्ध बैंक, बीमा, राज्य सरकार, विद्युत, आयकर, डाक,रेलवे,मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव सहित अनेक संस्थाओ के कर्मचारी एवं खेतिहर मजदूर, किसान तथा केंद्रीय ट्रेड यूनियन से संबंधित सभी नेतृत्वकारी एवं सदस्य सहभागिता दर्ज करेंगे। अमरिका के शिकागो में 1886 में काम की अवधि 8 घंटे तक सीमित करने की मांग को लेकर रैली निकाली गई थी।

बीके बहनों का बाल संस्कार शिविर

बिलासपुर। बच्चों की 8 से 14 वर्ष की उम्र परिवर्तन की उम्र होती है। उस समय हम जो संस्कार उन्हें सीखाना चाहते हैं वह स्वतः ही उसे जीवन में अपना लेते हैं। इस उद्देश्य से प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बिलासपुर की मुख्य शाखा में पिछले 25 वर्षों से भी अधिक समय से बाल संस्कार शिविर का आयोजन किया जाता है। सेवाकेन्द्र संचालिका बीके स्वाति दीदी ने बताया कि इस वर्ष 8 से 14 वर्ष के बच्चों के लिए 1 मई से 5 मई तक बाल संस्कार शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में योगासन, सूर्य नमस्कार, मेडीटेशन, कॉन्सनट्रेशन पॉवर, माता-पिता मेरे गौरव, मोबाइल से नुकसान, इमोशनल स्ट्रांग, डेवलप मोमरी पॉवर, सेल्फ डिफेन्स, दांतो की सम्भाल, आंखों की सम्भाल, पर्यावरण के प्रति जागरूकता, एरोबिक्स आदि अनेक विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर पूर्णतः निःशुल्क है पर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है।

वंदेमातरम मित्र मंडल की बाइक रैली कल

बिलासपुर। वन्दे मातरम मित्र मंडल लोकसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाता जागरूकता रैली 2 मई को शाम 5.30 बजे लाल बहादुर शास्त्री स्कूल से निकलेगी। रैली लाल बहादुर शास्त्री स्कूल से प्रारंभ होकर गोलबाजार, सदर बाजार, देवकी नंदन चौक, पुराना अरपा पुल होते हुए सरकंडा महामाया चौक, इंदिरा सेतु, नेहरू चौक, राजेंद्र नगर चौक, सिविल लाइन, सत्यम चौक, अग्रसेन चौक, पुराना बस स्टैंड, टैगोर चौक, टिकरापारा, जगमल चौक, गांधी चौक, जूना बिलासपुर होते हुए लाल बहादुर शास्त्री स्कूल में संपन्न होगी। मित्र मंडल के संयोजक महेन्द्र जैन ने सभी मित्रों से रैली में केसरिया जैकेट पहन कर हेलमेट लगाकर चलने का आग्रह किया है।

लू की चपेट में जिला, पारा 42 के पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इन दिनों जिला लू की चपेट में है। मंगलवार को सुबह 10 बजे से गर्म हवाएं चलने लगी। जिसके चलते दिन का तापमा 42 डिग्री पहुंच गया। दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक सड़कें सूनी रहीं, वहीं बाजारों में कर्फ्यू जैसा माहौल रहा। लेकिन मौसम विभाग ने अभी भी तक किसी प्रकार का अलर्ट जारी नहीं किया है। जबकि आसमान से अंगारे बरस रहे हैं।

अप्रैल महीने का अंतिम दिन इस साल का सबसे गर्म दिन बनकर गुजरा। मंगलवार को आसमान से अंगारे बरसने लगे और पारा 42 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं मोबाइल लोकेशन पर दोपहर 2 बजे पारा 44 डिग्री पहुंच गया था।

सड़कें रही सूनी

आसमान से सीधे पड़ रही तेज धूप ने हर किसी को अपनी चपेट में ले लिया है। ऐसे में दोपहर 1 बजे के बाद सड़कें लगभग सूनी हो जा रही हैं, वहीं रोजमर्रा के काम को छोड़ कोई भी सड़कों पर धूमने से बच रहा है। वहीं बाजारों में कर्फ्यू जैसे हालात हैं। दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक बाजार लगभग बंद की स्थिति में हैं।

कूलर, एसी सब फेल

गर्मी इतनी पड़ रही है कि कूलर और एसी भी फेल होने लगे हैं। राहत पाने खासी मशक्कत करनी पड़ रही है। वहीं शाम 7 बजे तक गर्म हवाओं के थपड़े लग रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार अन्य सालों की अपेक्षा अप्रैल में गर्मी ने राहत दी है, इस दौरान अंधड़ और बदली के चलते 8 दिनों तक सूरज की तपिश साधारण रही।

औसतन सामान्य है 42 डिग्री पारा

आमतौर पर अप्रैल का तापमान 42 से 43 के बीच रहता है। साल 2017 में पारा 45 पार हुआ है। मंगलवार को भले ही लोगों को गर्मी ज्यादा लगी हो लेकिन वेधशाला में 42 डिग्री तापमान दर्ज किया गया है। जो औसतन सामान्य पारा ही है।

- राहुल यादव, मौसम वैज्ञानिक

45 डिग्री तक जा सकता है पारा

पिछले दो दिनों से गर्मी ने सभी के होश उड़ा दिए हैं। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आने वाले दिनों में पारा 45 डिग्री तक पहुंच सकता है। इस दौरान लोगों को सन बर्न की शिकायत भी हो रही है, ऐसे में स्कीन के डॉक्टरों ने गर्मी में बाहर निकलने से मना किया है, जरूरत पड़ने पर शरीर को पूरी तरह ढंककर निकलने की सलाह दी है। इस दौरान अधिक से अधिक पानी पीने की सलाह दी है।

यात्रियों को हो रही परेशानी

बस अड्डे और रेलवे स्टेशन में यात्री भीषण गर्मी से जूझ रहे हैं। शादियों का सीजन होने के चलते इन जगहों पर लोगों की भारी भीड़ है, ऐसे में गर्मी और उमस के चलते यात्रियों का हाल बेहाल है। बस अड्डों पर यात्रियों के लिए शीतल पेय जल की व्यवस्था भी नहीं है, जिसके कारण लोगों को खरीद कर पानी पीना पड़ रहा है।

सड़क पर गाड़ियां: 40 करोड़ की तीन और पार्किंग की जरूरत पर सवाल

17 करोड़ में बनी कलेक्टोरेट स्थित मल्टीलेवल पार्किंग लगभग फेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कलेक्टोरेट में 16 करोड़ 80 लाख रुपए की लागत से मल्टीलेवल पार्किंग बनाया गया है। दावा किया गया था कि शहर के सबसे व्यस्ततम इलाके में बनी इस मल्टी लेवल पार्किंग से ट्रैफिक की समस्या दूर हो जाएगी लेकिन, उद्घाटन के बाद से बिल्डिंग खाली और कलेक्टोरेट परिसर से लेकर सामने सड़क पर गाड़ियां खड़ी रहती है। शुरू में लोगों से शुल्क लिया गया फिर बाद में इसे फ्री भी कर दिया गया लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ा। अब कोतवाली में 25 करोड़, पुराने बस स्टैंड में 11 करोड़ और जिला कोर्ट परिसर में 7 करोड़ में बन रही मल्टीलेवल पार्किंग की उपयोगिता पर सवाल खड़ा हो रहा है कि आखिर करोड़ों रुपए फूंकने के बाद शहरवासी कितना और किस तरह इसका उपयोग कर सकेंगे। हालांकि अधिकारियों का दावा है कि तीनों मल्टीलेवल पार्किंग के बन जाने के बाद यहां एक साथ एक हजार कार और चार हजार बाइक पार्क की जा सकेगी। इससे ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार होने की उम्मीद भी है।शहर के सबसे महत्वपूर्ण और व्यस्ततम इलाका नेहरू चौक-कलेक्टोरेट और उसके आसपास पार्किंग और ट्रैफिक की समस्या को देखते हुए नगर निगम ने स्मार्ट सिटी के फंड से 16 करोड़ 88 लाख रुपए की लागत से मल्टीलेवल कार पार्किंग बनाई गई है।

पूरी पार्किंग खाली, कलेक्टोरेट के सामने सड़क पर खड़ी रहती है गाड़ियां, इनके खिलाफ कार्रवाई भी नहीं होती

सड़क किनारे खड़ी रहती है कार और बाइक

इस बिल्डिंग में सीढ़ियों के अलावा दो लिफ्ट भी लगाया गया है और आपातकाल के लिए फायर फाइटिंग सिस्टम भी है। सभी शासकीय कार्यालय, न्यायालय इसी क्षेत्र में है, इसलिए बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचते हैं, बड़ी संख्या में भीड़ आने के कारण इस जगह पार्किंग एक बड़ी समस्या थी। दावा किया गया था कि लोगों को पार्किंग और ट्रैफिक की समस्या से निजात मिलेगी। लेकिन, कलेक्टोरेट के सामने मेन रोड पर कार और बाइक की पूरे दिन लाइन लगी रहती है।

बस स्टैंड में कोई बड़ा सरकारी आफिस नहीं, क्यों खड़ी करेंगे गाड़ियां

बस स्टैंड के अंदर में गाड़ी खड़ी करने कौन जाएगा

पुराना बस स्टैंड में 10 करोड़ 90 लाख रुपए खर्च कर कार पार्किंग बनाई जा रही है। जिसमे एक साथ 80 कार पार्किंग की जा सकेगी। साढ़े दस हजार स्क्वेयर फीट जमीन में बनने वाली मल्टीलेवल कार पार्किंग भवन ग्राउंड फ्लोर के अलावा चार मंजिला होगी। टेंडर के शर्तों के अनुसार कंपनी द्वारा पाच सालों तक इसका संचालन और रखरखाव किया जाएगा। शहर के मध्य एक सर्वसुविधायुक्त मल्टीलेवल कार पार्किंग की जरूरत महसूस की जा रही थी, पुराना बस स्टैंड में कार पार्किंग सुविधा शुरू हो जाने से यह कमी पूरी हो जाएगी।

बेसमेंट पर दोपहिया, तीन फ्लोर पर कार पार्क होंगे

स्मार्ट सिटी की योजना के तहत कोतवाली परिसर में 28.74 करोड़ की लागत से मल्टीलेवल कार पार्किंग सह व्यवसायिक परिसर का निर्माण कराया जा रहा है। इसके बेसमेंट में दोपहिया वाहन पार्क होंगे। ग्राउंड फ्लोर पर 46 दुकानों का निर्माण कराया जा रहा है। वहीं फर्स्ट, सेकेंड और थर्ड फ्लोर पर कार पार्क किए जाएंगे। स्मार्ट सिटी ने 46 दुकानों के विक्रय से 18 करोड़ की आय होने का अनुमान लगाया था लेकिन पहले दौर में 27 दुकानों से ही स्मार्ट सिटी को 15 करोड़ 16 लाख रुपए मिल रहे हैं।

पुराना बस स्टैंड के पास राजीव प्लाजा, जिला अस्पताल सहित छोटी दुकानें

ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार की उम्मीद

तीनों मल्टीलेवल पार्किंग के बन जाने के बाद यहां एक साथ एक हजार कार और चार हजार बाइक पार्क की जा सकेगी। इससे शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार होने की उम्मीद भी है। सड़कों पर गाड़ी गाड़ियों को इन पार्किंग में रखने के सख्ती के साथ ही लोगों को जागरूक और प्रोत्साहित भी किया जा रहा है।

- अमित कुमार, एमडी स्मार्ट सिटी

सैक्स रैकेट का भंडाफोड़

दलाल सहित 14 युवती 7 युवक हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में चल रहे सबसे बड़े सैक्स रैकेट का भंडाफोड़ करने में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने दलाल सहित 14 युवतियों और 7 युवकों को रंगे हाथों पकड़ा। उनके कब्जे से दो कार, नकद व आपत्तिजनक सामान बरामद किया गया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ करने में लगी हुई है।

- अमेरी गोकुलधाम एक किराए के मकान से संचालित हो रहा था रैकेट

मंगलवार को पुलिस को सूचना मिली कि अमेरी गोकुलधाम के पास एक कालोनी में किराए के मकान में बड़ा सैक्स रैकेट चलाया जा रहा है। एक युवती स्कूटी लेकर अमेरी चौक नेहरू नगर रोड पर ग्राहक के आने का अंतजार करते हुए खड़ी हुई है। सूचना पर उच्च अधिकारियों ने अलग अलग थानों की टीम बनाकर अमेरी चौक में दबिश देकर युवती को पकड़ लिया। कड़ाई बरतने पर उसने दलाल के कहने पर ग्राहक से मिलने आना स्वीकार कर लिया। उसकी निशानदेही पर गोकुलधाम के पास किराए के मकाम में दबिश देकर दलाल युवक सहित 4 युवतियों व युवकों को पकड़ा गया। उसके बाद अमेरी सांई अपार्टमेंट व आसमा सिटी में दबिश देकर युवक युवतियों को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा गया। इस तरह पुलिस ने सरगना दलाल सहित 14 युवतियों व 7 युवकों को पकड़ा है। पुलिस ने दलाल की डिजायर कार व एक युवक की बोलेनो कार जब्त कर थाने में खड़ी कर दी है। वहीं दलाल व युवतियों के पास से नकद व आपत्तिजनक सामान बरामद किया है। बहरहाल पुलिस दलाल, युवतियों व ग्राहक युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने में लगी हुई है। पकड़े गए युवकों में शहर के अलावा कोरबा व अन्य जिलों के युवक हैं। एडीशनल एसपी उमेश कश्यप ने बताया, सैक्स रैकेट पकड़ा है । पूछताछ कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

लगातार मोबाइल में आ रहा था फोन

पकड़े जाने के बाद दलाल के मोबाइल पर लगातार ग्राहकों व कालगर्ल के फोन आ रहे थे। उसके आधार पर पुलिस ने अलग अलग स्थानों में दबिश देकर युवतियों व युवकों को पकड़ा है।

पैकेज में बाहर से आई थी युवतियां

सूत्रों के मुताबिक दलाल पैकेज में बड़ी संख्या में कोलकाता, दिल्ली, कोरबा से युवतियों को बुलाकर सैक्स रैकेट चला रहा था। बताया जा रहा है कि ये युवतियां एक सप्ताह में 50 हजार रुपए कमा लेती थीं। दलाल महीनेभर में युवतियों वापस भेजकर दूसरी कार्लगल को बुला लेता था।

दलाल करता था सप्लाई

पकड़ा गया दलाल मोबाइल के माध्यम से ग्राहकों से संपर्क कर उनके बताए गए जगहों पर अपने कार व अन्य वाहनों से युवतियों को भेजता था। बताया जाता है कि दलाल लंबे समय से शहर के आउटर की कालोनी में किराए के मकान से बड़ा सैक्स रैकेट चला रहा था।

बिलासपुर निवासी 78 वर्षीय महिला को पोस्टल बैलेट से वोट डालने की होगी व्यवस्था

मतदान संवैधानिक व मूलभूत अधिकार: हाईकोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि मतदान करना भारत के लोंगों का संवैधानिक और मूलभूत अधिकार है। इससे किसी को वंचित नहीं किया जा सकता है। जस्टिस राकेश मोहन पांडे की एकल पीठ ने चुनाव आयोग को निर्देश देते हुए कहा है कि बिलासपुर निवासी 78 वर्षीय महिला के लिए पोस्टल बैलेट से वोट डालने की व्यवस्था की जाए। हाईकोर्ट ने यह भी कहा है कि जो कोई भी किसी कारण से चलने में असमर्थ है उससे हर बार स्थानीय विकलांगता का प्रमाण पत्र भी नहीं मांगा जा सकता। चुनाव आयोग या जिला प्रशासन चाहे तो ऐसे मामलों में पोस्टल बैलेट से वोट देने के आवेदनों की जांच भी कर सकता है लेकिन मतदान की व्यवस्था तो करनी ही होगी।

- जो चलने में अक्षम उनसे हर बार स्थानीय विकलांगता का प्रमाण पत्र भी नहीं मांगा जा सकता

बिलासपुर की मुंगेली रोड निवासी 78 वर्षीय श्रीमती सरला श्रीवास्तव ने यह याचिका हाईकोर्ट में एडवोकेट जितेन्द्र पाली के माध्यम से दायर की है। याचिका में कहा गया कि वह बुजुर्ग होने के साथ ही आर्थराइटिस की मरीज हैं। चलने फिरने में समर्थ नहीं है। इसलिए उन्हें पोस्टल बैलेट से वोटिंग की अनुमति दी जाए। याचिका में उन्होंने कहा कि पोस्टल बैलेट से वोटिंग की अनुमति की मांग करते हुए बिलासपुर जिला निर्वाचन अधिकारी के पास भी आवेदन किया गया लेकिन इसे नियमों का हवाला देते हुए खारिज कर दिया गया।

मुख्य व जिला निर्वाचन अधिकारी से मांगा था जवाब

याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने इलेक्शन कमिशन आफ इंडिया, मुख्य निर्वाचन अधिकारी रायपुर और जिला निर्वाचन अधिकारी बिलासपुर को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। जिला निर्वाचन अधिकारी बिलासपुर की ओर से कहा गया कि याचिकाकर्ता की ओर से निर्धारित फार्मेट में आवेदन नहीं किया गया था। इसके साथ ही चुनाव आयोग का नियम है कि 85 साल से कम वालों को पोस्टल बैलेट नहीं दिया जा सकता है। हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद फैसला देते हुए कहा है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 326 के तहत यह हर भारतवासी का अधिकार है कि वह वोट डाल सके। हाईकोर्ट ने यह भी कहा है कि पहले यह व्यवस्था दी जा चुकी है कि जो विकलांग है और जो कोविड पेशेंट है उसे पोस्टल बैलेट दिया जाएगा। यह जिला निर्वाचन अधिकारी की ड्यूटी है कि वह यह तय करे कि उस जिले का हर मतदाता वोट डालने पहुंच सके। हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता को भी आदेश दिया है कि वह निर्धारित फार्मेट में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास पोस्टल बैलेट से मतदान के आवेदन करे।

85 साल से ऊपर वालों के लिए ही पोस्टल बैलेट

याचिका में कहा गया कि जिला निर्वाचन आयोग ने यह कहते हुए पोस्टल बैलेट के लिए आवेदन खारिज कर दिया कि सरकार ने बुजुर्ग मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलट से वोटिंग करने वाले चुनावी नियम में बदलाव किया है। अब केवल 85 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्ग मतदाता ही पोस्टल बैलट से वोटिंग कर सकेंगे। इससे पहले अभी तक 80 साल से ज्यादा उम्र के लोग इस सुविधा के पात्र थे। इसके लिए चुनाव संचालन नियम 1961 में संशोधन किया गया। याचिका में कहा गया कि वोट डालना भारतवंशी के लिए संवैधानिक अधिकार है। इससे किसी को वंचित नहीं किया जा सकता। याचिकाकर्ता के लिए स्वास्थ्य विभाग ने मेडिकल सर्टिफिकेट भी जारी किया है। जिसमें साफ है कि 78 वर्षीय श्रीमती सरला श्रीवास्तव चलने फिरने में सक्षम नहीं है। इसलिए पोस्टल बैलेट से वोट देने की अनुमति दी जाए।

हाईकोर्ट ने जवाब मांगा

बाएं पैर का आपरेशन कराने गई महिला का दाहिना पैर आपरेट कर दिया

बाएं पैर का ऑपरेशन कराने गई महिला का दाहिना पैर ऑपरेट कर दिया गया। गंभीर रूप से पीड़ित और परेशान याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट की शरण ली है। मामले में सुनवाई करते हुए जस्टिस राकेश मोहन पाण्डेय की सिंगल बेंच ने इसे गंभीरता से लेकर जांच समिति, डायरेक्टर किम्स, डायरेक्टर आर बी हास्पिटल और डॉ लालचंदानी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। बिलासपुर निवासी शोभा शर्मा के बाएं पैर में पहले से तकलीफ थी। उन्होंने पहले स्थानीय किम्स हास्पिटल में अपना उपचार कराया। यहां सलाह दी गई कि आपके पैर का आपरेशन ही करना होगा, उसके बाद ही यह पूरा ठीक होगा। चिकित्सकीय सलाह के बाद इनके पति रितेश शर्मा ने इन्हें आरबी हॉस्पिटल में भर्ती करा दिया, जहां ऑपरेशन होना था। ऑपरेशन के बाद जब याचिकाकर्ता को ऑपरेशन थियेटर से बाहर लाया गया, तब मालूम हुआ कि बाएं की बजाय दाहिने पैर को ऑपरेट कर दिया गया है। परिजन ने जब इस पर आपत्ति जताई तब इसी अस्पताल में दाहिने पैर की भी सर्जरी कर दी गई। इसकी शिकायत बाद में जिला कलेक्टर से की गई। प्रशानिक स्तर पर कोई मदद नहीं मिली, न ही दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई की गई। पीड़ित शोभा शर्मा ने इसके बाद एडवोकेट आनंद मोहन तिवारी के माध्यम से हाईकोर्ट की शरण ली। हाईकोर्ट में जस्टिस राकेश मोहन पांडेय की सिंगल बेंच में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद कोर्ट ने मामले में हुई लापरवाही पर संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार की जांच समिति, कलेक्टर बिलासपुर, आरबी हॉस्पिटल,सिम्स, और डॉक्टर लालचंदानी को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। ज्ञात हो कि इस मामले में शिकायत सामने आने के बाद सिम्स के प्रोफेसर डा. ओपी राज की अध्यक्षता में एक जांच समिति बनाई गई है। डा राज चूंकि सर्जरी विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर पदस्थ हैं, इसलिए इन्हें ही पूरे मामले की जांच करनी है।

- जांच समिति डायरेक्टर किम्स डायरेक्टर आर बी हास्पिटल और डॉ लालचंदानी को नोटिस

विनय शर्मा
कपिल शुक्ला
बेलतरा के यशस्वी विधायक
सुशांत शुक्ला
को जन्मदिन की
शुभकामनाएं
आशीष शुक्ला
अभिषेक गुप्ता
प्रदीप मिश्रा

खबर संक्षेप

गुरुद्वारा दयालबंद में उत्साह से मना प्रकाश पूरब

बिलासपुर। धन-धन श्री गुरु अर्जुन देव का पावन प्रकाश पूरब गुरुद्वारा श्री गुरूसिंघ दयालबंद में उत्साह से मनाया गया। सुबह का विशेष दीवान 7 से 9:15 तक एवं शाम का विशेष दीवान 7 से 9:15 तक सजाया गया। इसके बाद गुरु का अटूट लंगर वरताया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने गुरु का प्रसाद लिया। दोनों विशेष दीवान में वाहे गुरु वाहे गुरु बोले सो निहाल सश्रीअकाल के जयकारे की गूंज होती रही। पाउंटा साहेब से आए जत्था भाई अर्जुन सिंह परवान, हुजूरी रागी जत्था गुरूसिंघ दयालबंद भाई जगजीत सिंह और ज्ञानी मान सिंह बडला हेड ग्रंथी ने हाजिरी भरी। कार्यक्रम में समाज की समूह साध संगत अपने परिवार के साथ पहुंचे। कार्यक्रम को सफल बनाने में गुरुद्वारा श्री गुरूसिंघ दयालबंद कमेटी, पंजाबी युवा समिति, पंजाबी सेवा समिति, खालसा सेवा समिति, आदर्श पंजाबी महिला संस्था, स्त्री सत्संग समिति, श्री सुखमनी सर्कल, पंथ प्रचार समिति, अकाल पूरख की फौज सहित अन्य सभी समितियों का विशेष सहयोग रहा।

महाराष्ट्र मंडल में मराठी महिलाओं ने की हल्दी-कुमकुम

बिलासपुर। पारिजात कालोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल में चैत्र गौरी के अवसर पर मराठी समाज की महिलाओं के लिए हल्दी कुमकुम का कार्यक्रम रखा गया। इसमें आने वाली सभी महिलाओं को हल्दी कुमकुम दिया गया। इस आयोजन में समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेकर काफी उत्साह दिखाया। साथ ही महाराष्ट्र मंडल की महिला कार्यकर्ताओं ने भवन को बहुत सुंदर ढंग से सजाया था। ज्ञात हो कि चैत्र का महीना वसंत लाता है। वसंत ऋतु पशु पक्षी, मानव संपूर्ण वातावरण में नई चेतना भर देता है। इस पवित्र वातावरण में कई पर्व, त्योहार आते हैं। सबका अलग-अलग महत्व होता है। इसी क्रम में महाराष्ट्रीयन महिलाओं के लिए यह आयोजन रखा गया।

एसईसीएल मुख्यालय के 11 सेवानिवृत्त कर्मियों को दी विदाई

बिलासपुर। एसईसीएल मुख्यालय में 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हुए 11 कर्मियों को सीएमडी कक्ष में सम्मानित कर भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर वित्त निदेशक जी. श्रीनिवासन ने निदेशक तकनीकी (संचालन) एसएन कापरी, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) एन. फ्रेंकलिन जयकुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी जयंत कुमार खमारी, विभिन्न विभागाध्यक्ष, अधिकारियों-कर्मचारियों मौजूद थे। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों में महाप्रबंधक क्यूसी विभाग केडी साहू, प्रबंधक (सचिवीय) अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक सचिवालय वी. आनंद कृष्णा, मुख्य प्रबंधक (माइनिंग) भू राजस्व विभाग उमेंद सिंह, वरिष्ट वैयक्तिक सहायक क्यूसी विभाग सुनील किशोर प्रसाद, सीनीयर डीईओ एचआरडी विभाग सुदेश कुमार पाण्डेय, अभियंता सिविल विभाग प्रशांत देव अधिशाषी , सुपरवाईजर (टेलीकाम) ईएंडटी विभाग अनूप कुमार शर्मा , वरीय लिपिक सामग्री प्रबंधन विभाग प्रतिभा सिंह, असिस्टेंट सुपरवाइजर अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक सचिवालय प्रवीण कुमार मसीह, असिस्टेंट सुपरवाइजर कार्मिक प्रशासन विभाग विनोद कुमार यादव, ड्राइवर कम मैकेनिक उत्पादन विभाग सानू फ्रेंकलिन को सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गई। कार्यक्रम का संचालन सविता निर्मलकर ने किया।

महिलाओं के लिए लघु अवधि प्रशिक्षण, मंगाए गए आवेदन

बिलासपुर। संस्थान प्रबंधन समिति शासकीय महिला आईटीआई कोनी द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए रोजगार एवं स्वरोजगारमुखी शुल्क आधारित 6 माह की लघु अवधि के विभिन्न प्रशिक्षण कोर्स में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित है। इच्छुक आवेदिका एकाउण्ट असिस्टेंट यूजिंग टेली विथ जीएसटी, जनरल ड्यूटी असिस्टेंट, ब्यूटी पार्लर, टेलर सिलाई मशीन एवं फैशन डिजाइनिंग का प्रशिक्षण लेने के लिए आवेदन कर सकती है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 11 मई एवं बैच प्रशिक्षण प्रारंभ करने की तिथि 13 मई है। प्रवेश के लिए आवेदन फार्म एवं विस्तृत जानकारी के लिए संस्था कार्यालय में में संपर्क कर सकते हैं।

पद्मश्री रामलाल को भागीरथी गौरहा स्मृति कला-गुरु सम्मान देने का निर्णय

बिलासपुर। तुलसी साहित्य अकादमी प्रांतीय इकाई बिलासपुर द्वारा कत्थक सम्राट पद्मश्री पं. रामलाल बरेठ को इस वर्ष के आगामी वार्षिकोत्सव में डा. भागीरथी गौरहा-स्मृति कला-गुरु सम्मान देने का निर्णय लिया गया है। इसी परिप्रेक्ष्य में पद्मश्री रामलाल की स्वीकृति प्राप्त करने उनके निवास स्थान जाकर तुलसी साहित्य अकादमी के संरक्षक डॉ. विनय कुमार पाठक, प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. राघवेंद्र दुबे, स्व. भागीरथी गौरहा के पुत्र धर्मभूषण डॉ. पडित श्रीधर गौरहा, कवियित्री डॉ. आभा गुप्ता, समाजसेवी क्षमा सिंह ने शॉल व श्रीफल समर्पित कर उन्हें सम्मानित किया। ज्ञात हो कि माह मई में रायगढ़ घराने का प्रतिनिधित्व करने वाले कला गुरु कथक सम्राट रामलाल बरेठ को भारत सरकार पद्मश्री सम्मान प्रदान करने वाली है।

जलकुंभी ने जकड़ लिया तालाब: निगमकर्मी उतरकर कर रहे सफाई, एक्सीवेटर की भी ले रहे मदद

बिलासपुर। शिक्षक कालोनी स्थित फुटहा तालाब की सफाई का काम शुरू हुआ है। बीते कई सालों से ये तालाब जलीय पौधे व जलकुंभियों से पूरी तरह से ढंका हुआ था। तालाब की सफाई के लिए निगम के सफाई कर्मियों को तालाब के उतारा गया है। वे जलीय पौधों को काटकर बाहर निकाल रहे हैं। इसके लिए एक्सीवेटर की भी मदद ली जा रही है।

फैल रही थी गंदगी और बदबू, अब राहत

तालाब की लंबे समय से सफाई नहीं होने की वजह से गंदगी, कीचड़ और बदबू फैल रही थी। लोगों को इससे परेशानी होने लगी थी। सफाई हो जाने से लोगों को काफी राहत मिलेगी।

रिजल्ट के तनाव को दूर करने जिला प्रशासन व स्कूल शिक्षा विभाग का फेसबुक लाइव कार्यक्रम

स्कूली छात्र नकारात्मक विचारधारा से दूर रहें, जीवन में अनंत संभावनाएं : एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बोर्ड परीक्षा परिणाम से उत्पन्न तनाव को दूर करने के लिए जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा चलाए जा रहे फेसबुक लाइव कार्यक्रम-दक्षता विकास प्रशिक्षण के दो सत्र में मंगलवार को एसपी रजनेश सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ आरपी चौहान ने फेसबुक लाइव के जरिए संवाद किया।

- छोटी-छोटी कहानियों से लें जीवन प्रबंधन की सीख - सीईओ

वक्ताओं ने बच्चों को परिणाम से न घबराने की सीख देते हुए भविष्य की असीम संभावनाओं पर फोकस करने कहा। फेसबुक लाइव के जरिए जुड़े छात्रों, पालकों एवं शिक्षकों से संवाद करते हुए श्री सिंह ने बच्चों को परीक्षा परिणाम से चिंतित न होते हुए असफलता को सहज ढंग से स्वीकारने के लिए प्रेरित किया। बच्चों से चर्चा के दौरान श्री सिंह ने श्रीमद् भगवत गीता के श्लोक से चर्चा शुरू करते हुए बच्चों से कहा कि आप अपना कर्म करते रहिए, जिस प्रकार चलना सीखते समय बच्चा सीखता है, गिरता है और फिर खड़ा होता है, उसी तरह असफलता को चैलेंज के रूप में लेना है। श्री सिंह ने बच्चों से कहा कि नकारात्मक विचारधारा से दूर रहें। खुद पर भरोसा रखें और हमेशा सकारात्मक आत्मविश्लेषण करें। कक्षा दसवीं अथवा बारहवीं का परीक्षा परिणाम आपकी पर्सनॉलिटी को डिफाइन नहीं करता। अतः असफलता पर ध्यान न देकर अपने उद्देश्य पर लक्ष्य करें। सफलता अवश्य मिलेगा। एसपी श्री सिंह ने पालकों से कहा परीक्षा परिणाम से सभी बच्चे तनावग्रस्त रहते हैं इसलिए उन्हें अधिक से अधिक समय दें, और उनका मनोबल बढ़ाते रहें।

फेसबुक लाइव पर बच्चों व अभिभावकों से रूबरू होते पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह।

रिजल्ट एक शुरूवात है, कोई मंजिल नहीं

शाम को हुए सत्र में जिला पंचायत के सीईओ आरपी चौहान ने कहा कि परीक्षा परिणाम एक शुरूवात है कोई मंजिल नहीं। उन्होंने कहा कि लोग क्या कहेंगे की सोच सही नहीं है। श्री चौहान ने छोटी-छोटी कहानियों के माध्यम से बच्चों को प्रेरित किया। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि सचिन, धोनी, मार्क जुकरबर्ग, बिल गेट्स, अल्बर्ट आइंस्टिन असफल विद्यार्थी थे, परंतु उन्होंने अपने जीवन में सफलता का परचम लहराया है। श्री चौहान ने पालकों से अपील की कि वे बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाए और उनसे बातचीत करते रहें। उन्होंने लाइव सत्र के दौरान शिक्षकों और पालकों के प्रश्नों के उत्तर भी दिए।

आज सुबह फेसबुक पर लाइव रहेंगे ये-

कल सुबह 9 बजे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अर्चना झा एवं शाम 5 बजे प्रसिद्ध मनोचिकित्सक डॉ. आशुतोष तिवारी जिला प्रशासन के फेसबुक पेज पर लाइव रहेगें। जिला प्रशासन के अधिकारिक फेसबुक पेज पर प्रतिदिन प्रसारित फेसबुक लाइव कार्यक्रम में जुड़ने वाले बालक, पालक एवं शिक्षकों की संख्या प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। आज के कार्यक्रम में अन्य राज्यों से भी बच्चे और पालक जुड़े और अपनी शंकाओं का समाधान किया। जिला प्रशासन की यह अभिनव पहल 6 मई तक जारी रहेगी। जिसमें जिले की प्रमुख हस्तियां बच्चों से फेसबुक लाइव से जुड़कर उन्हे प्रेरित करेंगे।

आजादी के वर्षों बाद भी आदिवासियों की स्थिति नहीं सुधरी: नेताम

बिलासपुर। हमर राज पार्टी के संस्थापक पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरविंद नेताम ने कहा कि आदिवासी इलाकों में समस्याएं आज भी उसी तरह की बनी हुई है। राज्य बनने के बाद भी इसमें किसी तरह का कोई सुधार नहीं आया है। उनकी नई पार्टी सभी लोगों को साथ लेकर चलने का इरादा लेकर आई है। बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए ही पार्टी मैदान में उतरी है।

हमर राज पार्टी के संस्थापक और पदाधिकारियों ने आज प्रेस क्लब में पत्रकारों से चर्चा कर अपनी बात रखी। हमर राज पार्टी के संस्थापक पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरविंद नेताम ने कांग्रेस व भाजपा दोनों ही प्रमुख दलों पर आरोप लगाया कि क्षेत्रीय समस्याओं पर कभी ध्यान नहीं दिया। जल, जंगल, जमीन खतरे में है और पब्लिक सेक्टर के कारण ही कुछ हद तक बचा हुआ है। जैसे ही सारी चीजों को प्राइवेटाइजेशन होगा सभी चीजें हाथ से निकल जाएंगी। उन्होंने बताया कि कांग्रेस शासनकाल में 1996 में पेसा कानून बनाया गया था, जिसे कांग्रेस की पार्टी ने ही खत्म कर दिया। पेसा कानून के बावजूद बिना ग्राम सभा की अनुमति के खदानों के लाइसेंस बांटे जाते रहे हैं। श्री नेताम ने कहा कि आदिवासी इलाके के लोग खतरे में हैं क्योंकि दोनों प्रमुख पार्टी की कथनी और करनी में बड़ा फर्क है। पेड़ों को काटा जा रहा है जिसका भुगतान सभी भुगतेंगे। उन्होंने बताया कि हमर राज पार्टी में अच्छे लोगों की तलाश हो रही है और सुदीप श्रीवास्तव जैसे लोग मिलते जाएंगे तो पार्टी और मजबूत होती जाएगी।

दोनों प्रत्याशी बाहर के

बिलासपुर लोकसभा के प्रत्याशी सुदीप श्रीवास्तव ने भाजपा एवं कांग्रेस पार्टी के दोनों प्रत्याशियों को बाहरी बताते हुए कहा कि दुर्ग से आया कांग्रेस प्रत्याशी बीएसपी के कब्जे से लोगों की जमीन को फ्री नहीं करवा सका। इसी तरह भाजपा का प्रत्याशी भी बाहर से लाकर थोप दिया गया है। उन्होंने इसे चूका हुआ कारतूस बताया। सुदीप ने कहा कि इस समय संविधान खत्म होने की चर्चा हो रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और भाजपा के नेताओं ने मान लिया है कि किसी को भी वे चुनाव मैदान में उतार देंगे, पब्लिक उन्हीं को वोट देगी। इस धारणा को तोड़ने के लिए ही तीसरी पार्टी की आवश्यकता है। जिसके लिए वह खुद हमर राज पार्टी से चुनाव लड़ रहे हैं।

मीडिया कर्मियों को पहली बार मिली डाक मतदान की सुविधा

बिलासपुर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन में मीडिया कर्मियों को अनिवार्य सेवा में शामिल करते हुए डाक मतपत्र से मतदान करने की सुविधा पहली बार दी गई। चुनाव आयोग से जारी मीडिया पासधारी पत्रकारों ने उत्साह के साथ वोट डाला। डाक मतदान की सुविधा मिलने पर सभी ने आयोग के प्रति आभार जताया। सभी ने आयोग की इस व्यवस्था को सराहनीय बताते हुए कहा कि इससे हमें बड़ी राहत मिली है। जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष के ऊपर तल में बनाए गए पोस्टल वोटिंग सेंटर में आज पोस्टल बैलेट से उत्साह के साथ मतदान किया गया। पत्रकारों ने बताया कि पहली बार वे पोस्टल बैलेट से मतदान कर रहे हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पहली बार मीडिया कर्मियों को अनिवार्य सेवा मतदाता के रूप में यह अवसर दिया गया है। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन चुनाव कार्य की रिर्पोटिंग में व्यस्त होने के कारण बूथ में जाकर मतदान करने में उन्हें काफी परेशानी होती थी। पहली बार पोस्टल बैलेट से मतदान करने का अवसर आयोग ने दिया, इसके लिए उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के प्रति आभार जताया। अनिवार्य सेवा के ऐसे मतदाता जिन्होंने डाकमतपत्र के लिए आवेदन दिया है वे पोस्टल वोटिंग सेंटर में 2 मई तक सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक वोट डाल सकते हैं।

एजुकेशन प्लस

चौकसे ग्रुप ऑफ़ कॉलेजेस में 6 दिवसीय वर्कशॉप का शुभारंभ

बिलासपुर। चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज के एमबीए विभाग द्वारा "रिसर्च राइटिंग एंड इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स यूसिंग आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस" पर साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड स्पोंसर्ड 6 दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट कम वर्कशॉप प्रारंभ किया गया है। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि शहीद नंदकुमार पटेल विवि के कुलपति डॉ एलपी पटेरिया तथा विशिष्ट अतिथि चौकसे ग्रुप ऑफ़ कॉलेजेस के प्रबंध निदेशक डा. आशीष जायसवाल ने किया।

इस वर्कशॉप के समन्वयक अमित स्टीव हेनरी तथा सहसमन्वयक डा. शानू कुट्टन राकेश हैं। इस अवसर पर शहीद नंदकुमार पटेल विवि रायगढ़ के कुलपति प्रो. पटेरिया ने कहा कि इस संकाय विकास कार्यक्रम के लिए एकत्र हुए ऐसे सम्मानित शिक्षकों और विद्वानों के बीच आज यहां उपस्थित होना सम्मान की बात है। आज के सत्र के वक्ता डॉ. डीडी बेदिया ने हमें शोध पत्र लिखने और शोध करने की बुनियादी बातों के बारे में बहुमूल्य जानकारी दी। इसमें स्पष्टता, सुसंगतता और शैक्षणिक अखंडता सुनिश्चित करने के लिए कई बुनियादी कदम शामिल हैं। उन्होंने विषय के चयन जैसे प्रमुख घटकों को शामिल किया है। उन्होंने बताया कि अनुसंधान को उद्देश्य, विधियों और उद्देश्यों के आधार पर विभिन्न प्रकारों में वर्गीकृत किया जा सकता है। यहां कुछ सामान्य प्रकार के अनुसंधान दिए गए हैं - जिनमे वर्णनात्मक अनुसंधान, मात्रात्मक और गुणात्मक अनुसंधान, विश्लेषणात्मक अनुसंधान, आनुभविक अनुसंधान इत्यादि है पेपर लिखने में हमें शीर्षक, सार, परिचय, पद्धति, परिणाम, निष्कर्ष, संदर्भ, संशोधन और कार्रवाई स्वरूपण और सबमिशन पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। इन मूलभूत चरणों का पालन करके एक शोध पत्र तैयार कर सकते हैं और लिख सकते हैं जो आपके अध्ययन के क्षेत्र में योगदान देता है। डा. बेदिया ने सैम्पलिंग एवं सैम्पलिंग का महत्व समझाया।

उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रिसर्च के बीच संबंध को समझाया। पैरामीट्रिक व नॉन पैरामीट्रिक परीक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही विभिन्न प्रकार के टेस्ट जैसे टी टेस्ट, जेड टेस्ट, एनोवा, एफ टेस्ट के बारे में चर्चा की गई।

ये वक्ता 5 दिन तकनीकी की उपयोगिता समझाएंगे

इस वर्कशॉप के अन्य 5 दिन के लिए ये वक्ता हैं बारी बारी से अलग अलग दिन छात्रों से अपने अनुभव शेयर करेंगे। इसमें सेंट्रल यूनिवर्सिटी बिलासपुर के डा. संजय पाण्डेय, बीआईटी दुर्ग डा. दलजीत वाधवा, डायरेक्टर एसएन टेक्नोलॉजी भोपाल डा. परेश रावत, एसोसिएट प्रो आरजीपीवी भोपाल डा. पियूष कुमार शुक्ला, केजी प्रो. एवं डीन आईआईटी रायपुर डा. श्रीनिवासा तथा साइंटिस्ट सीसीकास्ट रायपुर डा. अमित दुबे रहेंगे। जो रिसर्च राइटिंग एंड इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स यूसिंग आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस विषय पर छात्र-छात्राओं तथा फैकल्टीस को अपने अनुभव साझा कर तकनीक की उपयोगिता को समझाएंगे।

विकसित भारत अमृतकाल योजना

यूनिवर्सिटी, कालेजों में सालभर होंगे आयोजन

- अटल यूनिवर्सिटी ने सभी कालेजों को जारी किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विकसित भारत अमृतकाल के अंतर्गत 2024 में किए जाने वाले कार्यो की कार्ययोजना अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी ने जारी की है। इसके तहत यूनिवर्सिटी एवं संबद्धता प्राप्त कालेजों में सालभर अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और हर माह कुछ न कुछ कार्यक्रम होंगे। इसमें प्रत्येक माह के लिए विषय निर्धारित कर दिए गए हैं।

विकसित भारत के अमृतकाल अंतर्गत अप्रैल माह में विकसित भारत यूनिवर्सिटी एवं कालेजों के शिक्षकों का योगदान पर कार्यक्रम हुए, जिसमें भारत को तेज गति से एक विकसित देश बनाने के लिए यूनिवर्सिटी में शोध और अनुसंधान कार्य विशेषकर बिजली की बचत, खेती में कम रसायन का उपयोग, स्वच्छता अभियान में नई ऊर्जा, डिग्री धारकों के पास कम से कम एक व्यावसायिक कौशल होना चाहिए या अन्य नवाचार शामिल है। मई माह में विकसित भारत के लिए स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को बढ़ावा देना। कालेजों और यूनिवर्सिटी के शिक्षण विभाग के छात्र-छात्राओं के बीच देश में बने निर्मित वस्तुओं को खरीदने और गर्व से इसका प्रचार करने के लिए प्रेरित करें। सितंबर माह में विकसित भारत एवं कृषि, अक्टूबर में विकसित भारत अमृतकाल में सभी के लिए योग अपनाने पर बल तथा नवंबर में विकसित भारत एवं महिला नेतृत्व, दिसंबर में एक देश एक चुनाव तथा जनवरी में विकसित भारत के लिए डिजिटल क्रांति और फरवरी में न्यायायिक सुधार व मार्च में युवाओं की आवाज के विषय को लेकर भाषण, नृत्य, सांस्कृतिक कार्यक्रम, युवा कविता, लेखन प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जाएगा।

स्टूडेंट्स व टीचर्स को अभियान से जोड़ रहे

अभियान में कालेज एवं यूनिवर्सिटी के सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी हो इसके लिए छात्राओं को जोड़ते हुए कार्यशाला आयोजित किए जाएंगे। जून माह में खुशहाल भारत विकसित भारत के लिए विकास का दृष्टिकोण मानसिक स्वास्थ्य और सेहत विषय पर कालेजों और यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राओं के बीच में विषय विशेषज्ञ को बुलाकर व्याख्यान कराया जाएगा। जुलाई माह में विकसित भारत एवं ग्रीन इंडेक्स कालेजों और यूनिवर्सिटी परिसर में हरित सूचकांक मानकों के अनुरूप प्राकृतिक संसाधनों एवं मानव संसाधनों के आधार पर समृद्धि का मूल्यांकन करना है।

मप्र व महाराष्ट्र सहित अन्य प्रमुख शहरों की यात्रा होगी आसान

यात्रियों को रेलवे ने दी 58 स्पेशल ट्रेनों की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अप्रैल, मई एवं जून महीने में जब स्कूलों की छुट्टियाँ शुरू होती है, शादी ब्याह एवं त्योहारों का भी समय होता है, ऐसे में स्टेशनों एवं ट्रेनों में यात्रियों की भीड़-भाड़ होती है । इसे ध्यान में रखकर रेलवे रेलयात्रियों की सुविधा के लिए योजनबद्ध तरीके से कार्य कर रही है ।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश व महाराष्ट्र राज्य के प्रमुख शहरों के निवासियों के लिए 58 स्पेशल ट्रेनों की सुविधा दी जा रही है। ये ट्रेनें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश व महाराष्ट्र राज्य में अवस्थित प्रमुख शहरों सम्बलपुर, पुरी, विशाखापट्टनम, सिकंदराबाद, हैदराबाद, पटना, हटिया, रक्सौल, छपरा, जबलपुर, मदुरै आदि शहरों से होकर गुजरेगी ।

दुर्ग-छपरा व दुर्ग-पटना समर स्पेशल एक्सप्रेस अब गोंदिया तक

दुर्ग से छपरा एवं दुर्ग से पटना तक चलाई जा रही समर स्पेशल एक्सप्रेस का गोंदिया स्टेशन तक विस्तार किया गया है । इससे गोंदिया के निवासियों को उत्तर भारत के प्रमुख शहरों के लिए सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी बल्कि दुर्ग, राजनांदगांव, डोंगरगढ़ के निवासियों को भी गोंदिया तक अतिरिक्त ट्रेन की सुविधा मिलेगी ।

बिलासपुर से यशवंतपुर तक चलेगी स्पेशल ट्रेन

बिलासपुर से यशवंतपुर तक 30 अप्रैल से 9 फेरों के लिए समर स्पेशल ट्रेन की सुविधा दी जा रही है । इस ट्रेन के शुरू होने से बिलासपुर, भाटापारा, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगाव, डोंगरगढ़ एवं गोंदिया के निवासियों को दक्षिण भारत की ओर यात्रा के लिए एक अतिरिक्त ट्रेन की सुविधा मिलेगी ।

देश के प्रमुख शहरों के लिए चलेंगी 48 स्पेशल ट्रेनें

मई महीने में ट्रेनों में होने वाली भीड़-भाड़ को राहत देने 48 स्पेशल ट्रेनों के परिचालन की योजना बनाई गई है । जरूरत पड़ने पर इस सुविधा में विस्तार कर इस क्षेत्र के निवासियों को ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान अतिरिक्त सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी ।

रेलवे सेफ्टी आयुक्त ने किया बिलासपुर-गतौरा विद्युतीकृत नई चौथी लाइन का निरीक्षण

बिलासपुर। इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास तथा ट्रेनों के गतिशील परिचालन के लिए मंडल में नई रेललाइन, तीसरी लाइन एवं चौथी लाइन का कार्य व्यापक स्तर पर कराया जा रहा है। इसी कड़ी में दपूमरे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत बिलासपुर-झारसुगुड़ा स्टेशनों के मध्य 206 किमी विद्युतीकृत चौथी लाइन का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस कार्य को चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है। इसके अंतर्गत बिलासपुर-गतौरा स्टेशनों के मध्य विद्युतीकृत नई चौथी लाइन के निर्माण उपरांत इंटर लाकिंग सहित सम्पूर्ण कार्य पूरा होने के बाद एसई सर्कल के रेलवे सेफ्टी आयुक्त बीके मिश्रा ने 30 अप्रैल को इस चौथी नई लाइन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त श्री मिश्रा ने केबिन पैनल रूम तथा यार्ड का भी निरीक्षण कर अधिकारियों से चर्चा की।

अनुमति मिलने के बाद दौड़ेंगी ट्रेनें

निरीक्षण के बाद गतौरा स्टेशन से बिलासपुर स्टेशन तक आब्जर्वेशन कार से स्पीड ट्रायल किया गया। आयुक्त रेलवे सेफ्टी से अनुमति मिलने के बाद इस नई चौथी लाइन पर निर्बाध रूप से सवारी एवं मालगाड़ियों का परिचालन प्रारम्भ होगा, जिससे परिचालन में गतिशीलता आएगी। उनके साथ गए निरीक्षण टीम में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण), मंडल रेल प्रबंधक बिलासपुर सहित निर्माण विभाग, मंडल तथा मुख्यालय के संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल थे।

जीवेत शरदः शतम्
मेहनत लगती है सपनों को हकीकत बनाने में, हौसला लगता है बुलंदियों को पाने में ।
अरसा लगता है एक जिंदगी बनाने में, जिंदगी भी कम पड जाती है जमाने में नाम कमाने में ।।
आदरणीय भैय्या
सुशांत शुक्ला जी
(विधायक बेलतरा विधानसभा)
को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
शुभेच्छु : विवेक दुबे (सोमू) एवं समस्त मित्रमंडली
J.J.Ad

यशस्वी माटीपुत्र बेलतरा विधायक
माननीय श्री सुशांत शुक्ला जी
को जन्मदिन की
अनंत शुभकामनाएं....
पं. राकेश तिवारी
पं. शशांक त्रिवेदी
नवीन वाहिनीपति
विकास सिंह
पं. उज्जवल शर्मा
पं. भानू शास्त्री
सौजन्य : पं. राकेश तिवारी, बिलासपुर

हिन्दुत्व कूलतिलक
मान. श्री सुशांत शुक्ला जी
विधायक, बेलतरा
को जन्मदिन की
अनंत शुभकामनाएं....
घनश्याम तिवारी
अशोक शर्मा
अभिजीत तिवारी
अभिषेक तिवारी
देवेन्द्र पाण्डेय
सौजन्य :- होटल ग्रेण्ड गुलमोहर एवं गुलमोहर ढाबा शहीद दीपक उपाध्याय चौक मेनरोड मोपका

खबर संक्षेप

10 किलो गांजा सहित तस्कर गिरफ्तार

बिलासपुर। जीआरपी ने रेलवे स्टेशन के अंदर एक तस्कर को पकड़कर उसके पास से 10 किलो गांजा बरामद किया है। जब्त गांजा की कीमत 2 लाख रुपए बताई जा रही है। जीआरपी ने तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। 29 अप्रैल को जीआरपी एंटी क्राइम टीम को चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि प्लेटफार्म नम्बर 4 - 5 में एक संदिग्ध व्यक्ति पिठ्ठू बेग लेकर ट्रेन के आने का इंतजार कर रहा है। टीम ने प्लेटफार्म में दबिश देकर मुंबई धुली निवासी कल्पेश पाटिल पिता सुरेश गोरख पाटिल 26 साल को पकड़कर पूछताछ की। इस वह गोलमोल जवाब दे रहा था। उसके पिठ्ठू बेग की तलाशी लेने पर अलग अलग पैकेट में 10 किलो गांजा मिला। जब्त गांजा की कीमत 2 लाख रुपए बताई जा रही है। आरोपी ओडिशा से गांजा लेकर बिक्री करने मुंबई जा रहा था। जीआरपी ने धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत गांजा जब्त कर तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है।

महिला से 94 हजार रुपए की ठगी

बिलासपुर। भाई से बात कराने का झांसा देकर एक महिला से 94 हजार की आनलाइन ठगी कर ली गई। तोरवा टीआई राहुल तिवारी ने बताया, हेमूनगर निवासी पी गुप्ता के मोबाइल पर अनजान मोबाइल नम्बर से फोन आया। फोन करने वाले ने उनके भाई से बात कराने का झांसा देकर कुछ पैसा भेजकर लगातार ओटीपी पूछकर उनके बैंक खाते से ऑनलाइन 94 हजार रुपए निकाल लिया। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ धारा 420, 66 आईटी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

तलवार, चाकू लहराने वाले दो गिरफ्तार

बिलासपुर। तलवार, चाकू लहराकर अशांति फैलाने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। रतनपुर पुलिस को सूचना मिली, लखनी देवी मंदिर के आगे जूना शहर रोड पर एक बदमाश हाथ में तलवार रखकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर करैयापारा निवासी विकास रावत उर्फ विक्कू पिता राजेन्द्र रावत 23 साल को पकड़कर तलवार बरामद कर लिया है। इसी तरह महामाया मंदिर हेलीपेड के पास करैयापारा निवासी आलोक कहरा उर्फ छोटे बजरंग कहरा 19 साल को हाथ में बटनदार चाकू लेकर घूमते हुए पकड़ा गया। पुलिस ने धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत तलवार, चाकू जब्त कर दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

विशाखापट्टनम-अमृतसर हीराकुंड में अतिरिक्त कोच

बिलासपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली गाड़ी संख्या 20807/20808 विशाखापट्टनम-अमृतसर-विशाखापट्टनम हीराकुंड एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-3 कोच एवं एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा गाड़ी संख्या 20807 विशाखापट्टनम-अमृतसर एक्सप्रेस में विशाखापट्टनम से 3 मई से 31 मई तक तथा गाड़ी संख्या 20808 अमृतसर-विशाखापट्टनम एक्सप्रेस में अमृतसर से 5 मई से 2 जून तक उपलब्ध रहेगी। इस सुविधा से यात्री लाभान्वित होंगे।

बोर्ड एग्जाम

मई के पहले सप्ताह में अंकसूची बनाने का कार्य हो जाएगा पूरा

7 को मतदान के बाद 8 मई को जारी हो सकते हैं बोर्ड एग्जाम के रिजल्ट, माशिमं ने आयोग से मांगी अनुमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के नतीजे जारी करने के लिए निर्वाचन आयोग से पत्र लिखकर अनुमति मांगी है। संभवतः परीक्षा परिणाम आठ मई को जारी हो सकता है। क्योंकि छत्तीसगढ़ में सात मई को लोकसभा चुनाव का मतदान कार्य पूरा हो जाएगा। ऐसे में छात्र अपने परिणाम जल्द ही छत्तीसगढ़ बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट cgbse nic in के साथ एनआइसी की वेबसाइट results.cg.nic.in पर देख सकते हैं। बिलासपुर जिले से परीक्षाओं में कुल 56 हजार छात्र शामिल हुए हैं।

- छह लाख से अधिक छात्र-छात्राओं को रिजल्ट का बेसब्री से इंतजार

छत्तीसगढ़ बोर्ड के अधिकारियों के मुताबिक मई के पहले सप्ताह में अंकसूची बनाने का कार्य पूरा हो जाएगा। अभी अंकसूची बनाने का कार्य 80 प्रतिशत हो गया है। गौरतलब है कि 10वीं और 12वीं की परीक्षा देने वाले छह लाख से अधिक छात्र-छात्राओं को रिजल्ट का बेसब्री से इंतजार है।

अधिकारियों के अनुसार 10वीं और 12वीं बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा हो गया है। माशिमं के अधिकारी अंकसूची बनाने में जुटे हैं। ध्यान रहे कि इस वर्ष मूल्यांकन के लिए छत्तीसगढ़ में 36 केंद्र बनाए गए थे, जहां 18 हजार शिक्षकों ने उत्तर पुस्तिकाओं की जांच की। 23 मार्च को परीक्षा समाप्त होने के बाद उत्तर पुस्तिकाओं को जांचने का कार्य शुरू किया गया, जो 16 अप्रैल को पूरा हो गया।

2,239 छात्रों को मिलेगा बोर्ड परीक्षा में बोनस अंक

अधिकारियों ने बताया कि स्काउट गाइड, खेलकूद और विद्याभारती समेत अन्य विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दसवीं और बारहवीं के 2,239 छात्रों को बोर्ड परीक्षा में बोनस अंक दिए जाएंगे। लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआइ) की ओर से सूची माध्यमिक शिक्षा मंडल को भेज दी गई है। इन्हीं बोनस अंकों के सहारे बहुत सारे छात्र-छात्राएं बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण भी होते हैं। हालांकि इस बार यह बोनस अंक मैरिट में नहीं जुड़ेगा। इस बार बोनस अंक सबसे ज्यादा शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले छात्रों को मिलेंगे। 10वीं 563 और 12वीं के 860 छात्र-छात्राओं को बोनस अंक मिलेंगे। स्काउट गाइड में 10वीं के 510 और 12वीं के 236 छात्र-छात्राएं बोनस अंक के लिए पात्र हैं। विद्याभारती में 10वीं में पांच और बाहरवीं में 14 छात्रों को बोनस अंक मिलेंगे, वहीं खेल एवं युवा कल्याण विभाग से 10वीं के 30 और 12वीं के 21 छात्रों का चयन हुआ है। साक्षरता मिशन, एनसीसी और एनएसएस में एक भी छात्र-छात्राएं नहीं है, जिन्हें बोनस अंक मिलेगा। बोर्ड परीक्षाओं में सबसे ज्यादा बोनस अंक दुर्ग संभाग के 388 छात्र-छात्राओं को बोनस अंक मिलेंगे। वहीं सबसे कम सरगुजा संभाग के 155 छात्र-छात्राएं बोनस के लिए पात्र पाए गए हैं। बिलासपुर से 328, रायपुर से 290 और बस्तर से 262 छात्र-छात्राओं को बोनस अंक के लिए पात्र पाया गया है।

बालिकाओं की संख्या अधिक

वर्ष 2023-24 में 10वीं और 12वीं की परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों में बालिकाओं की संख्या अधिक है। 10 वीं की परीक्षा में 1,58,246 बालक शामिल हुए और बालिकाओं की संख्या 1,87,275 रही। वहीं 12वीं की परीक्षा में 1,14,564 बालक शामिल हुए और बालिकाओं की संख्या 1,46,455 रही। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की सचिव पुष्पा साहू ने कहा, 10वीं और 12वीं के बोर्ड परीक्षाओं की अंकसूची बनाने का कार्य जारी है। हालांकि परिणाम जारी करने के लिए निर्वाचन आयोग से अनुमति मांगी गई है।

मूल्यांकन पूरा, रिजल्ट तैयार कर रहे

अधिकारियों के अनुसार 10वीं और 12वीं बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा हो गया है। माशिमं के अधिकारी अंकसूची बनाने में जुटे हैं। मई के दूसरे सप्ताह में रिजल्ट जारी हो सकते हैं।

-**पुष्पा साहू**, सचिव , छत्तीसगढ़ माशिमं

काम रोकने बंगले के सामने बांस-बल्ली का डाला घेरा, गाड़ियां भी खड़ी कर दी

मिनोचा कालोनी के पास सड़क डामरीकरण के दौरान विवाद, निगम ने तोड़ दिया घेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

महावीरनगर से उसलापुर ओव्हरब्रिज तक सड़क डामरीकरण के दौरान मंगलवार को जमकर हंगामा हुआ। डामरीकरण का काम रोकने सड़क पर मेटाडोर, जीप और अन्य वाहनों को खड़ा कर दिया गया था, वहीं बांस-बल्ली गड़ाकर घेरा बना दिया गया था, जिसे निगम की टीम ने कार्रवाई करते हुए हटा दिया। महावीरनगर-उसलापुर ओव्हरब्रिज तक सड़क डामरीकरण का काम अंतिम चरण में है।

- निगम ने सब ढहा दिया, गाड़ियां जब्त कर ली

सोमवार को डामरीकरण के दौरान जमकर विवाद और हंगामा हुआ। यहां एक अपने बंगले के सामने बांस-बल्ली गड़ाकर घेरा बना दिया गया था और सामने सड़क पर मेटाडोर, जीप और अन्य वाहनों को खड़ा कर दिया था, जिससे डामरीकरण में व्यवधान हो रहा था। निगम की टीम ने कार्रवाई करते हुए बांस-बल्ली के घेरा को उखाड़ दिया और सड़क पर खड़ी मेटाडोर, जीप को जब्त कर वहां से हटा दिया। इसे लेकर निगम के अतिक्रमण शाखा टीम और लोगों के बीच काफी देर तक विवाद चलता रहा। नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार ने इस नई सड़क का डामरीकरण कार्य तेजी से करने के निर्देश दिए हैं, जिसके चलते पिछले तीन दिनों से डामरीकरण का काम चल रहा है। गौरतलब है कि मिनोचा कालोनी के सामने महावीरनगर चौक से उसलापुर ओव्हरब्रिज तक स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 900 मीटर नई सड़क बनाई जा रही है। इससे पहले सड़क के किनारे नाली बनाई गई है। उसलापुर मुख्य मार्ग और नई बन रही सड़क के बीच डिवाइडर भी तैयार किया गया है, जहां लैंड स्कैपिंग कर सुंदरता बढ़ाई जाएगी। इस नई सड़क पर स्ट्रीट पोल लगाई जा चुकी है।

बंगले के सामने बांस बल्लियां लगाकर घेरा बना दिया था, सामने गाड़ियां भी खड़ी कर दी थी, निगम ने एक्सीवेटर की मदद से सब हटा दिया।

सड़क बनाने 23 लोगों का अतिक्रमण हटाया गया

महावीरनगर चौक से उसलापुर ओव्हर ब्रिज मार्ग पर खसरा नंबर 1552 स्थित जमीन 1972-73 में रेलवे से निगम के अधीन है। सन 1928 में यहां से मुंगेली-कवर्धा-मंडला रेलवे लाइन का प्रस्ताव था। यह भूमि रविंद्रनाथ टैगोर चौक पुराना बस स्टैंड, राजीव प्लाजा, सूर्या होटल होते हुए इमलीपारा रोड, लिंक रोड, नेहरू नगर, नर्मदा नगर से महावीर नगर होते हुए उसलापुर के आगे तक है। रेल लाइन नहीं बन पाने के कारण इस कच्ची रेल लाइन वाली जमीन पर पूरी तरह से बेजा कब्जा हो गया था। नगर निगम ने सड़क निर्माण के लिए इस जमीन से 23 लोगों का बेजा-कब्जा हटाया है, उसके बाद ही सड़क का काम शुरू हो पाया।

सीमांकन में मिला दोमंजिला भवन का सड़क की जमीन पर अतिक्रमण

हाईकोर्ट के आदेश पर मंगलवार को मिनोचा कालोनी के सामने दोमंजिला भवन वाली जमीन का पुनः सीमांकन हुआ। सीमांकन के लिए बिलासपुर तहसीलदार द्वारा राजस्व विभाग व नगर निगम के 11 सदस्यीय टीम बनाई गई थी। हाईकोर्ट द्वारा धारा 129 छग भू राजस्व संहिता 1959 के नियमों तथा उद्धृत निर्णयों को ध्यान में रखते हुए सीमांकन किए जाने निर्देश दिया गया था। इस आदेश के परिपालन में भूमि के सीमांकन, स्थल जांच के लिए पटवारियों एवं राजस्व निरीक्षकों और नगर निगम की संयुक्त टीम बनाई गई और राजस्व अभिलेख के साथ सीमांकन किया गया। इसमें खसरा नंबर 1606/4 भूमि पर स्थित दोमंजिला भवन एक तरफ 17 व दूसरी तरफ 37 वर्गफीट मिलाकर कुल 1080 वर्गफीट अतिक्रमण सड़क वाली जमीन पर पाया गया है।

भूमि का सीमांकन किया गया

हाईकोर्ट के आदेश के परिपालन में आज राजस्व विभाग और नगर निगम की संयुक्त टीम द्वारा खसरा नंबर 1606/4 स्थित भूमि का सीमांकन किया गया। सीमांकन दौरान जमीन का नाप उतना ही पाया गया, जितना पिछले सीमांकन में आया था। इस तरह खसरा नंबर 1552 जमीन पर कुल 1080 वर्गफीट अतिक्रमण पाया गया है।

-**जुगलकिशोर सिंह**
उप अभियंता, नगर निगम

जीनस कंपनी को मिला ठेका

आचार संहिता ने रोकी स्मार्ट मीटर की राह, सर्वे भी बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर समेत प्रदेश के कई शहरों में स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं, इसका काम भी शुरू कर दिया गया है लेकिन अचानक इसपर ब्रेक लग गया। बताया जा रहा है कि लोकसभा चुनाव तक जिले में स्मार्ट मीटर का काम बंद रहेगा, वहीं ठेका कंपनी को मीटर लगाने को लेकर किसी भी तरह का सर्वे करने की मनाही कर दी गई है।

- पहले चरण में ट्रांसफार्मर और सरकारी आवासों में लगाया जाएगा मीटर

आचार संहिता लगने के बाद जिले में स्मार्ट मीटर लगाने का काम बंद कर दिया गया है। प्रथम चरण में प्रत्येक फीडर और ट्रांसफार्मर में स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं, लेकिन इसका काम बेहद धीमे तरीके से चल रहा था, इसके साथ ही कंपनी जोन वाइज घरों में दस्तक देकर सर्वे का काम भी कर रही थी, लेकिन शहरीय क्षेत्र में कई जगहों पर कंपनी के सर्वे का विरोध होने लगा। जिसके बाद बिजली अधिकारियों ने कंपनी को सर्वे तत्काल बंद करने के निर्देश दे दिए। ऐसे में अब स्मार्ट मीटर लगाने के लिए उपभोक्ताओं को आचार संहिता खत्म होने का इंतजार करना पड़ेगा। बताया जा रहा है कि दूसरे चरण में एलटी लाइनों के उपभोक्ताओं के लिए 5 हजार मीटर लगाए जाएंगे, इससे पहले कंपनी को शहरीय क्षेत्र में सर्वे करने का ठेका दिया गया है। वहीं बिजली अधिकारी योजना के अंतर्गत सरकारी आवासों और कार्यालय में भी स्मार्ट मीटर लगाने की बात कह रहे है।

प्री-पेड होगा मीटर

अधिकारियों के अनुसार ये मीटर पूरी तरह से प्री पेड होगा। उपभोक्ताओं को बिजली मीटर की वैलिडी की सूचना 24 घंटे पहले प्राप्त होगी। वहीं रात में बिजली रिचार्ज खत्म होने के बाद भी सुबह 7 बजे तक उपभोक्ताओं को बिजली उपभोग की छूट प्राप्त होगी और बकाया राशि का भुगतान रिचार्ज से काटा जाएगा।

रुकेगी बिजली चोरी

जिले में लाइन लॉस सबसे बड़ी समस्या है। साथ ही बिजली चोरी पर लगाम लगाने में विभाग पस्त हो चुका है। जिसके चलते शहरीय क्षेत्र में अनिवार्य तौर पर स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। विभाग ने तैयारी कर ली है लेकिन कंपनी के ठेकेदारों के विलंब करने के कारण मार्च में काम शुरू कराया गया लेकिन आचार संहिता के चलते काम रोक दिया गया है।

चुनाव निबटने के बाद लगाएंगे

अभी उपभोक्ताओं के घर और कार्यालय में नहीं लगाया गया है। टेस्टिंग के लिए विभाग के आदेश पर ट्रांसफार्मर और फीडर में लगाया गया है। चुनाव निबटने के बाद शहरीय क्षेत्र में लगाया जाएगा।

-**पीवीएस राजकुमार**, ईई

आयुष्मान में लूटः अस्पताल के खिलाफ शिकायत, सीएमएचओ ने कहा-जांच होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आयुष्मान कार्ड योजना के तहत 5 लाख के इलाज का दावा झूठा साबित हो रहा है। लगातार मरीजों को ठगा जा रहा है, जिसकी शिकायत स्वास्थ्य विभाग को मिल रही है लेकिन कार्रवाई के नाम पर महज जांच की जा रही है। मंगलवार को कुदूदंड निवासी अजय यादव ने बिलासपुर अस्पताल के संचालक के खिलाफ शिकायत की। सीएमएचओ ने मामले की जांच करने की बात कही है।

- बिलासपुर अस्पताल के खिलाफ युवक ने की शिकायत
- बेटे का करा रहा था इलाज

आयुष्मान कार्ड योजना में हर बीमारी के इलाज का शुल्क पहले से निर्धारित है और निर्धारित शुल्क के अतिरिक्त किसी तरह का चार्ज अस्पताल प्रबंधन की ओर से नहीं लगाया जा सकता है। इसके बावजूद डाक्टर मरीजों से एक्ट्रा पैसे ले ले रहे हैं। ऐसा पहली बार नहीं हो रहा है इससे पहले भी सीएमएचओ कार्यालय में आयुष्मान कार्डधारी मरीजों से पैसे लेने की लगभग 24 शिकायतें मिली, जिसमें जांच कराने के बजाय मरीज के परिजन को दबाव बनाकर शिकायत वापस करवा लिया गया। इसी हफ्ते सीएमएचओ को दूसरी शिकायत मिली जो कुदूदंड निवासी अजय की है।

गार्ड का काम करने वाले अजय ने शिकायत करते हुए कहा है कि उनके तीन साल का बेटे आलोक यादव के कमर की हड्डी में समस्या आने के कारण उसे बिलासपुर अस्पताल में भर्ती किया गया था। डाक्टर द्वारा इलाज के पहले ही प्लेट के लिए 28 हजार रुपए जमा कराया गया, इसके बाद स्मार्ट कार्ड से 22 हजार काटे और इलाज के बाद 12 हजार रुपए और नकद ले लिया। इसके बाद ड्रेसिंग करवाने के लिए गए तो उससे 12 सौ रुपए की मांग की गई। पैसे नहीं देने पर मरीज को बिना ड्रेसिंग के लौटा दिया गया।

जांच की जाएगी

बच्चे के पिता ने लिखित में शिकायत की है। आयुष्मान योजना में इलाज के लिए पैकेज फिक्स है, इसके बाद भी पैसे लिए गए है तो इसकी जांच की जाएगी।

-**डॉ प्रभात श्रीवास्तव**, सीएमएचओ

वेलनेस सेंटर्स के प्रशिक्षकों को दो महीने से नहीं मिला वेतन, बंद होने के कगार पर

बिलासपुर। लोगों को सेहतमंद बनाने चलाई जा रही योग की पाठशाला बंद होने के कगार पर है। प्रशिक्षकों को पिछले दो माह से वेतन नहीं मिला है, जिसके चलते उन्हें आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है।

दूरदराज गांवों में चिकित्सा सुविधा पहुंचाने हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर खोले गए हैं। जिले में वर्तमान में 25 सेंटर संचालित हैं। इनमें कुछ सेंटर आयुष चिकित्सालयों में भी चल रहे हैं। आयुष मंत्रालय द्वारा आयुर्वेदिक अस्पतालों में संचालित सेंटर्स में योग की पाठशाला चल रही है, जिसमें योग प्रशिक्षक भी अपनी सेवा दे रहे हैं। मार्च के बाद अप्रैल महीने का भी वेतन इन प्रशिक्षकों को नहीं मिल सका है, जिसके बाद यह कयास लगाए जा रहे हैं कि सेंटर बंद होने के कगार पर पहुंच गया है। जिले में बहतराई, घुटकु, पौंसरा, धुमा, पोंडीहरदी, दगोरी, घुरवाकरी, गतौरा, जेवरा, भरावी,सीपत, लोहर्सी, सैदा, गनियारी, सकर्रा, सिलतरा, कैंदा, भरनी, काठाकोनी सहित अन्य गांवों में सेंटर संचालित है, जहां सुबह 7 से 8 बजे तक लोग योग के गुर सिखते रहे हैं, लेकिन अब कुछ जगहों पर सेंटर नहीं खुल रहे हैं, जबकि विभाग के अधिकारी इस बात से इंकार कर रहे हैं, अधिकारियों का कहना है कि नियमित तौर कक्षाएं चल रही है।

फंड आने के बाद भुगतान होगा

फरवरी तक का भुगतान सभी को हो चुका है। मार्च और अप्रैल का वेतन बकाया है। फंड आबंटन होने के साथ ही भुगतान होगा। हमारी जानकारी में कोई भी सेंटर बंद नहीं है।

-**वाई के ध्रुव**, जिला आयुर्वेद अधिकारी

हरिभूमि
पाठकों के लिए माह अप्रैल 2024 का बिल निम्नानुसार है

विवरण	दर	राशि
10 दिन	4.00	40.00
20 दिन	5.00	100.00
30 दिन,	कुल योग=	140.00

कृपया पाठकगण माह अप्रैल 2024 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 मई 2024 तक जमा करें।
प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

चूजा बेचने का झांसा देकर पोल्ट्री फार्म संचालक से 11 लाख की ठगी

बिलासपुर। चूजा बेचने का झांसा देकर पोल्ट्री फार्म संचालक से 11 लाख रुपए की ठगी कर ली गई है।

मस्तूरी परसदा निवासी गौरीशंकर भास्कर पोल्ट्री फार्म चलाकर एग्रो सेंटर के नाम से मुर्गी पालन करते हैं। वे हमेशा झारखंड से चूजा मंगवाते हैं। ज्यादा चूजे की जरूरत होने पर उन्होंने हरियाणा के करनाल मोरमाजरा निवासी संजीत उर्फ संजू से मोबाइल में संपर्क किया और चूजा भेजने का सौदा किया। संजीत उर्फ संजू के कहने पर उन्होंने पहले 2 लाख रुपए आनलाइन पेमेंट कर दिया। शेष रकम चूजा पहुंचने के बाद ड्राइवर को देने की बात कही। रुपए मिलने के बाद संजीत ने बैंक खाता होल्ड होने की बात कहते हुए दूसरे बैंक खाता में रुपए डालने के लिए कहा। उसकी बातों में आकर श्री भास्कर अलग अलग किस्तों में 11 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिया। रुपए भेजने के बाद भी चूजा नहीं भेजा गया। उसके बाद संजीत ने अपना मोबाइल बंद कर लिया है। पुलिस ने श्री भास्कर की रिपोर्ट पर संजीत मान उर्फ संजू एवं अन्य के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है।